विद्या सर्वार्थ साधिका

आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 3

कक्षा : दसवीं

विषय : हिंदी 'ब' (085) अधिकतम अंक : 40

दिनांक: 21-12-2023 समय : 1घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र दो खंडों में विभाजित है: 'अ' और 'ब'
2. खंड 'अ' में कुल तीन बहुविकल्पीय प्रश्न(उप प्रश्नों सहित) हैं और खंड 'ब' में चार वर्णनात्मक प्रश्न (उप प्रश्नों सहित) हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. बहुविकल्पीय प्रश्नों की क्रमसंख्या व चयनित उत्तर पूर्ण व स्पष्ट रूप से लिखना आवश्यक है |
5. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

## खंड- 'अ'

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

विद्वानों का यह कथन बहुत ठीक है कि विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं |इस बात को सब लोग मानते हैं कि आत्मसंस्कार के लिए थोड़ी-बहुत मानसिक स्वतंत्रता आवश्यक है-चाहे उस स्वतंत्रता में अभिमान और नम्रता दोनों का मेल हो और चाहे वह नम्रता से ही उत्पन्न हो। यह बात तो निश्चित है कि जो मनुष्य मर्यादापूर्वक जीवन व्यतीत करना चाहता है, उसके लिए वह गुण अनिवार्य है, जिससे आत्मनिर्भरता आती है और जिससे अपने पैरों के बल खड़ा होना आता है। युवावर्ग को यह सदा स्मरण रखना चाहिए कि वह बहुत कम बातें जानता है, अपने ही आदर्श से वह बहुत नीचे है और उसकी आकांक्षाएँ उसकी योग्यता से कहीं बढ़ी हुई हैं। उसे इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वह अपने बड़ों का सम्मान करे, छोटों और बराबर वालों से कोमलता का व्यवहार करे। ये बातें आत्ममर्यादा के लिए आवश्यक हैं। यह सारा संसार, जो कुछ हम हैं और जो कुछ हमारा है-हमारा शरीर, हमारी आत्मा, हमारे कर्म, हमारे भोग, हमारे घर और बाहर की दशा, हमारे बहुत-से अवगुण और थोड़े गुण, सब इसी बात की आवश्यकता प्रकट करते हैं कि हमें अपनी आत्मा को नम्र रखना चाहिए। नम्रता से मेरा अभिप्राय दब्बूपन से नहीं है, जिसके कारण मनुष्य दूसरों का मुँह ताकता है, जिससे उसका संकल्प क्षीण और उसकी प्रज्ञा मंद हो जाती है; जिसके कारण आगे बढ़ने के समय भी पीछे रहता है और अवसर पड़ने पर चट पट किसी बात का निर्णय नहीं कर सकता। मनुष्य का बेड़ा उसके अपने हाथ में है, उसे वह चाहे जिधर ले जाए। सच्ची आत्मा वही है, जो प्रत्येक दशा में, प्रत्येक स्थिति के बीच अपनी राह आप निकालती है।

(i) बड़ों का सम्मान तथा छोटों और बराबर वालों के साथ कोमलता का व्यवहार किसके लिए आवश्यक है?

(क) आत्मचिंतन के लिए (ख) आत्ममर्यादा के लिए

(ग) आत्मशुद्धि के लिए (घ) आत्मसंस्कार के लिए

(ii) हमें अपनी आत्मा को कैसा रखना चाहिए ?

(क) नर्म रखना चाहिए। (ख) कठोर बनाना चाहिए ।

(ग) सुखी रखना चाहिए। (घ) नम्र रखना चाहिए।

(iii) निम्नलिखित में से 'दब्बूपन' का परिणाम क्या नहीं है ?

(क) दूसरों का मुँह ताकना। (ख) संकल्प क्षीण हो जाना।

(ग) मानसिक स्वतंत्रता प्राप्त होना। (घ) प्रज्ञा मंद हो जाना।

(iv) 'प्रज्ञा' शब्द का अर्थ क्या है?

(क) ज्ञान (ख) बुद्धि (ग) संकल्प (घ) सामर्थ्य

(v) 'विद्वानों का यह कथन बहुत ठीक है कि विनम्रता के बिना स्वतंत्रता का कोई अर्थ नहीं।'- रचना की दृष्टि से इस वाक्य का प्रकार कौन-सा है?

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

2. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (8X1=8)

(i) '<u>सबकी प्यास बुझानेवाली</u> नदियाँ प्रदूषित हो गई हैं |' -रेखांकित पदबंध का भेद है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(ii) 'रेलगाड़ी बहुत धीरे-धीरे चल रही है |' -रेखांकित पदबंध का भेद है -

(क) संज्ञा पदबंध (ख) विशेषण पदबंध (ग) क्रियाविशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(iii) "हर्षिता बहुत विनम्र है और सर्वत्र सम्मान प्राप्त करती है |"- रचना की दृष्टि से वाक्य भेद है -

(क) सरल वाक्य (ख) मिश्रित वाक्य (ग) संयुक्त वाक्य (घ) अन्य

(iv) निम्नलिखित में मिश्र वाक्य है -

(क) मैंने एक वृद्ध की सहायता की।

(ख) जो विद्यार्थी परिश्रमी होता है, वह अवश्य सफल होता है।

(ग) अध्यापिका ने अवनि की प्रशंसा की तथा उसका उत्साह बढ़ाया।

(घ) नवाब साहब ने संगीत के लिए उत्साह नहीं दिखाया।

(v) 'सूक्ति-बाण' समस्तपद में कौन-सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) कर्मधारय (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(vi) 'पर्णकुटी' समस्तपद में कौन-सा समास है ?

(क) द्वंद्व समास (ख) कर्मधारय (ग) बहुव्रीहि (घ) तत्पुरुष

(vii) 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का सही अर्थ है

(क) कुछ न करना

(ख) थोड़े में बहुत कुछ कह देना

(ग) गागर में सागर का पानी भर देना

(घ) लंबी-चौड़ी बातें करना

(viii) कभी नौकरी ढूँढने निकलोगे तो _______ | रिक्त स्थान की पूर्ति उचित मुहावरे से कीजिए-

(क) ज़मीन पर पाँव न रखना

(ख) आटे-दाल का भाव मालूम होगा

(ग) दीवार खड़ी करना

(घ) नाम निशान मिटाना

3. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए | (5X1=5)

(i) 'कंपनी बाग के मुहाने पर' से तात्पर्य है -

(क) कंपनी बाग का मार्ग

(ख) कंपनी बाग का प्रवेश द्वार

(ग) कंपनी बाग का मुख्य स्थान

(घ) अंग्रजों का समाधि स्थल

(ii) 'तोप' किस युद्ध में काम आई थी ?

(क) प्रथम स्वतंत्रता संग्राम(1857) में (ख) प्रथम विश्व युद्ध

(ग) 1757 प्लासी के युद्ध में (घ) बक्सर के युद्ध में

(iii) युधिष्ठिर का अंत तक साथ किसने निभाया था ?

(क) पत्नी द्रौपदी ने (ख) भाई अर्जुन ने (ग) माता कुंती ने (घ) एक कुत्ते ने

(iv) जीवन में लाभ-हानि का हिसाब लगाकर कदम उठाने वाले लोगों को _______ कहते हैं -

(क) आदर्शवादी (ख) व्यवहारवादी (ग) व्यवहारिक आदर्शवादी (घ) सामाजिक

(v) सआदत अली को अवध के तख़्त पर बिठाने के लिए पीछे कर्नल का उद्देश्य था-

(क) अपने परम मित्र सआदत अली की हरसंभव सहायता करना

(ख) जाँबाज़ योद्धा के रूप में मित्र सआदत अली को प्रसिद्ध करना

(ग) कंपनी के वकील का कत्ल करवाने के लिए मिलकर षडयंत्र रचना

(घ) अप्रत्यक्ष रूप से अवध पर कंपनी का आधिपत्य स्थापित करना

## खंड- 'ब'

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(i) जनसंख्या में होने वाली वृद्धि ने पर्यावरण को किस प्रकार दुष्प्रभावित किया है? पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ii) 'झेन की देन' पाठ में जापानी लोगों को मानसिक रोग होने के क्या-क्या कारण बताए गए हैं? आप इनसे कहाँ तक सहमत हैं ? तर्कसहित लिखिए।

(iii) 'कारतूस' एकांकी में सवार कर्नल से एकांत में बात क्यों करना चाहता था ? इस मुलाकात का कर्नल पर क्या प्रभाव पड़ा होगा ?

(iv) झरने किसके गौरव का गान कर रहे हैं ? बहते हुए झरनों की तुलना किसके साथ की गई है ?

5. निम्नलिखित में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में लिखिए - (3x1=3)

(i) ठाकुर हरिनाम सिंह के तीनों लड़कों को एहसास था कि वे कलेक्टर के बेटे हैं। लेखक द्वारा ऐसा कहा जाना ठाकुर हरिनाम सिंह के तीनों बेटों और टोपी के विषय में किस विचारधारा को स्पष्ट करता है। 'टोपी शुक्ला' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ii) टोपी को इफ़्फ़न की दादी का व्यवहार क्यों अच्छा लगता था ? टोपी ने इफ़्फ़न के सामने क्या प्रस्ताव रखा और क्यों ?

6. आपके शहर में सभी प्रकार के खाद्य पदार्थों में मिलावट का धंधा लगातार बढ़ता ही जा रहा है। अपने राज्य के खाद्य-मंत्री को एक ईमेल लिखकर इस समस्या के प्रति उनका ध्यान आकृष्ट कीजिए। (5x1=5)

7. आप अपने विद्यालय में साहित्य क्लब 'शब्द-शिल्पी' के सचिव है। शनिवार को आगामी साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा हेतु बैठक बुलाई गई है, जिसकी सूचना 50-60 शब्दों में तैयार कीजिए। (5x1=5)

अथवा

नेहरू युवा क्लब की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने के लिए युवाओं के साथ होने वाली बैठक की जानकारी देते हुए, अध्यक्ष की ओर से 50-60 शब्दों में सूचना लिखिए।